भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 932**

जिसका उत्तर 08.02.2024 को दिया जाना है

**भारतमाला परियोजना**

932. श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी:
श्रीमती रंजीता कोली:
श्री वाई. एस. अविनाश रेड्डी:
श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:
डॉ. मनोज राजोरिया:
श्रीमती डिम्पल यादव:
श्री कनकमल कटारा:
डॉ. जी. रणजीत रेड्डी:
श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:
डॉ. जयंत कुमार राय:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में भारतमाला परियोजना के अंतर्गत राज्य-वार विशेषकर आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना के लिए निर्धारित लक्ष्य क्या हैं और कुल कितनी परियोजनाएं प्रस्तावित हैं;

(ख) विशेष रूप से उक्त राज्यों में इन परियोजनाओं के वित्तपोषण में केंद्र और राज्य सरकार की हिस्सेदारी का ब्यौरा क्या है;

(ग) अब तक निष्पादित विकास कार्यों और उन पर व्यय की गई धनराशि का राज्य-वार, विशेषकर जाजपुर और उक्त राज्यों में जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को जानकारी है कि आंध्र प्रदेश में भारतमाला परियोजना के अंतर्गत सात से अधिक परियोजनाओं संबंधी स्वीकृति पत्र लंबित है और यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त परियोजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाना सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ड.) क्या तेलंगाना में भारतमाला परियोजना के अंतर्गत 1700 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारा प्रस्तावित है और यदि हां, तो अभी तक केवल 460 किमी सड़क को ही पूरा करने के क्या कारण हैं; और

(च) तेलंगाना में 1700 किमी में से अब तक सौंपे गए राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति का ब्यौरा क्या है और पूरे 1700 किमी को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) भारतमाला परियोजना के चरण-I के अंतर्गत विकास के लिए 34,800 किमी लंबाई के राष्ट्रीय राजमार्ग की योजना बनाई गई थी। दिसंबर-2023 तक, 26,418 किमी (यानी, 34,800 किमी का 76%) सौंप दिया गया है जिसमें से लगभग 15,549 किमी पूरा हो गया है। भारतमाला परियोजना के तहत परियोजनाएं मुख्य रूप से केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित हैं और मंत्रालय द्वारा संसाधन जुटाए जाते हैं। भारतमाला परियोजना चरण-I परियोजनाओं का राज्यवार सार नीचे अनुबंध-क में दिया गया है।

(घ) आन्ध्र प्रदेश राज्य में भारतमाला परियोजना के अंतर्गत 6,586 करोड़ रुपए की लागत से लगभग 384 किमी लंबाई की सात परियोजनाएं बोली प्रक्रिया चरण में हैं।

(ड.) और (च) मंत्रालय ने भारतमाला परियोजना चरण-I के अंतर्गत विकास के लिए तेलंगाना राज्य में 1,719 किमी लंबाई वाले गलियारों की पहचान की है, जिनमें से 1,026 किमी लंबाई का कार्य सौंप दिया गया है। इन परियोजनाओं की स्थिति अनुबंध-ख में संलग्न है। शेष खंडों के लिए डीपीआर शुरू कर दी गई है।

**अनुबंध-क**

**'भारतमाला परियोजना' के संबंध में श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी, श्रीमती रंजीता कोली, श्री वाई. एस. अविनाश रेड्डी, श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू, डॉ. मनोज राजोरिया, श्रीमती डिम्पल यादव, श्री कनकमल कटारा, डॉ. जी. रणजीत रेड्डी, श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव और डॉ. जयंत कुमार राय द्वारा दिनांक 08.02.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 932 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

**भारतमाला परियोजना का राज्यवार सारांश**

| **राज्य का नाम** | **कुल परियोजना की लंबाई (किमी)** | **सौंपी गई परियोजना की लंबाई (किमी)** | **पूरी हो चुकी लंबाई (किमी)** |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 2,525 | 1,936 | 641 |
| असम | 433 | 431 | 312 |
| बिहार | 1,572 | 1,152 | 571 |
| छत्तीसगढ़ | 571 | 471 | 134 |
| दिल्ली | 203 | 203 | 158 |
| गोवा | 26 | 26 | 26 |
| गुजरात | 1,577 | 1,194 | 742 |
| हरियाणा | 1,058 | 1,058 | 776 |
| हिमाचल प्रदेश | 167 | 167 | 105 |
| जम्मू और कश्मीर | 433 | 251 | 88 |
| झारखंड | 1,000 | 801 | 367 |
| कर्नाटक | 2,059 | 1,603 | 855 |
| केरल | 1,126 | 708 | 172 |
| मध्य प्रदेश | 3,063 | 2,017 | 1,137 |
| महाराष्ट्र | 3,029 | 2,174 | 1,628 |
| मणिपुर | 635 | 635 | 332 |
| मेघालय | 170 | 170 | 81 |
| मिजोरम | 593 | 593 | 363 |
| नागालैंड | 208 | 208 | 131 |
| ओडिशा | 1,586 | 967 | 785 |
| पंजाब | 1,764 | 1,553 | 424 |
| राजस्थान | 2,503 | 2,360 | 2,152 |
| तमिलनाडु | 2,414 | 1,476 | 1,011 |
| तेलंगाना | 1,719 | 1,026 | 492 |
| त्रिपुरा | 94 | 94 | 66 |
| उत्तर प्रदेश | 3,127 | 2,496 | 1,612 |
| उत्तराखंड | 273 | 264 | 112 |
| पश्चिम बंगाल | 874 | 385 | 277 |
| **महायोग** | **34,800** | **26,418** | **15,549** |

भारतमाला परियोजना चरण- I के तहत दिसंबर 2023 तक 4.23 लाख करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है।

**अनुबंध-ख**

**'भारतमाला परियोजना' के संबंध में श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी, श्रीमती रंजीता कोली, श्री वाई. एस. अविनाश रेड्डी, श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू, डॉ. मनोज राजोरिया, श्रीमती डिम्पल यादव, श्री कनकमल कटारा, डॉ. जी. रणजीत रेड्डी, श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव और डॉ. जयंत कुमार राय द्वारा दिनांक 08.02.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 932 के भाग (ड.) और (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

**भारतमाला चरण-I परियोजनाओं की स्थिति**

| क्र. सं. | कार्यान्वयन एजेंसी | गलियारे का नाम | परियोजना का नाम | परियोजना की लंबाई (किमी) | स्वीकृति की स्थिति | दिसंबर'23 तक पूर्ण लंबाई (किमी) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एनएचएआई | इंदौर - हैदराबाद | मंगलूर से तेलंगाना महाराष्ट्र सीमा | 49 | सौंपा गया | 49 |
| 2 | एनएचएआई | इंदौर - हैदराबाद | संगारेड्डी - नांदेड़ (पैकेज II) रामसनपल्ले से मंगलूर | 47 | सौंपा गया | 47 |
| 3 | एनएचएआई | इंदौर - हैदराबाद | संगारेडी - नांदेड़ - अकोला (पैकेज-I) [कंडी से रामसनपल्ले तक] | 40 | सौंपा गया | 39 |
| 4 | एनएचएआई | सोलापुर - कुरनूल - चेन्नई | केटी/टीएल बॉर्डर - कुरनूल पैकेज 1 | 39 | सौंपा गया | 0 |
| 5 | एनएचएआई | सोलापुर - कुरनूल - चेन्नई | केटी/टीएल बॉर्डर - कुरनूल पैकेज 2 | 38 | सौंपा गया | 0 |
| 6 | एनएचएआई | सूर्यपेट (हैदराबाद) - देवरापल्ली (विशाखापट्टनम) | सूर्यापेट - खम्मम | 59 | सौंपा गया | 59 |
| 7 | एनएचएआई | सूर्यपेट (हैदराबाद) - देवरापल्ली (विशाखापट्टनम) | खम्मम-देवरपल्ले पैकेज I [4 लेन पहुंच नियंत्रित (ग्रीनफील्ड) थल्लमपाडु गांव से सोमवरम गांव तक (डिजाइन चेनेज 0+000 से 33+604)] | 34 | सौंपा गया | 13 |
| 8 | एनएचएआई | सूर्यपेट (हैदराबाद) - देवरापल्ली (विशाखापट्टनम) | खम्मम-देवरपल्ले पैकेज II [सोमवरम गांव से चिंतागुडेम गांव तक 4 लेन पहुंच नियंत्रित (ग्रीनफील्ड) (डिजाइन चेनेज 33+604 से 63+117)] | 30 | सौंपा गया | 9 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | एनएचएआई | सूर्यपेट (हैदराबाद) - देवरापल्ली (विशाखापट्टनम) | खम्मम-देवरपल्ले पैकेज III [चिंतागुडेम गांव से रेचेरला गांव तक 4 लेन पहुंच नियंत्रित (ग्रीनफील्ड) (डिजाइन चेनेज 63+117 से 105+236)] | 42 | सौंपा गया | 18 |
| 10 | एनएचएआई | जगतियाल - करीमनगर - वारंगल | जगतियाल - करीमनगर | 59 | अभी मूल्यांकन किया जाना है | - |
| 11 | एनएचएआई | जगतियाल - करीमनगर - वारंगल | वारंगल - करीमनगर | 58 | सौंपा गया | 5 |
| 12 | एमओआरटीएच | जामंदपल्ले - मंगवारपेट | जामंदपल्ले - मंगवारपेट | 33 | सौंपा गया | 33 |
| 13 | एमओआरटीएच | नकरेकाई - नागार्जुसागर बांध | नकरेकाई - नागार्जुसागर बांध | 85 | सौंपा गया | 79 |
| 14 | एनएचएआई | नागपुर - हैदराबाद (एनएस) | नागपुर-हैदराबाद खंड पर कोमपल्ली में दो वीयूपी का निर्माण | 0 | सौंपा गया | 0 |
| 15 | एनएचएआई | पुणे - हैदराबाद - विजयवाड़ा | हैदराबाद क्षेत्रीय रिंग रोड का उत्तरी भाग (संगारेड्डी - नरसापुर - तुपरान - गजवेल - यादगिरिगुट्टा - चौटुप्पल खंड रारा 161एए | 165 | अभी मूल्यांकन किया जाना है | - |
| 16 | एमओआरटीएच | कुरनूल-चेन्नई | कलवाकुर्थी कोल्लापुर | 79 | सौंपा गया | 12 |
| 17 | एमओआरटीएच | कुरनूल-चेन्नई | कोल्लापुर और संगमेश्वर को जोड़ने वाला पुल | *1* | स्वीकृत - अभी तक नहीं सौंपा गया है | - |
| 18 | एमओआरटीएच | कुरनूल-चेन्नई | कोल्लापुर- संगमेश्वर | *12* | स्वीकृत - अभी तक नहीं सौंपा गया है | - |
| 19 | एमओआरटीएच | कुरनूल-चेन्नई | संगमेश्वर- नंद्याला | *63* | स्वीकृत - अभी तक नहीं सौंपा गया है | - |
| 20 | एमओआरटीएच | कुरनूल-चेन्नई | नालाकलुवा-वेलुगोडु | *18* | अभी मूल्यांकन किया जाना है | - |
| 21 | एमओआरटीएच | हैदराबाद-विजयवाड़ा | गौरेली-वालिगोंडा एनएच-930पी किमी 0.000 से किमी 41.920 तक | 41 | स्वीकृत - अभी तक नहीं सौंपा गया है | - |
| 22 | एमओआरटीएच | हैदराबाद-विजयवाड़ा | नेहरूनगर-कोठागुडेम एनएच-930पी किमी 178.500 से किमी 230.605 तक | 51 | स्वीकृत - अभी तक नहीं सौंपा गया है | - |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | एमओआरटीएच | हैदराबाद-विजयवाड़ा | थोररूर-नेहरूनगर एनएच-930पी किमी 109.420 से 178.500 तक | 67 | स्वीकृत - अभी तक नहीं सौंपा गया है | - |
| 24 | एमओआरटीएच | हैदराबाद-विजयवाड़ा | 3 वालिगोंडा-थोरूर रारा-930पी किमी 39180 से किमी 108300 तक | 60 | सौंपा गया | 10 |
| 25 | एमओआरटीएच | मैंगलोर-रायचूर-हैदराबाद | महबूबनगर-चिंचोली किमी 0.000 से किमी 60.255 एनएच-167एन पैकेज-1 | 60 | सौंपा गया | 21 |
| 26 | एमओआरटीएच | मैंगलोर-रायचूर-हैदराबाद | महबूबनगर-चिंचोली किमी 60.255 से किमी 102.834 एनएच-167एन पैकेज-2 | 43 | सौंपा गया | 0 |
| 27 | एमओआरटीएच | आर्मूर - वारंगल | मेडक-सिद्दीपेट किमी 0.000 से किमी 69.978 एनएच-765डीजी पीकेजी-1 | 70 | सौंपा गया | 40 |
| 28 | एमओआरटीएच | आर्मूर - वारंगल | सिद्दीपेट-एलकथुरथी किमी 69.978 से किमी 133.619 एनएच-765डीजी पैकेज-2 | 64 | सौंपा गया | 26 |
| 29 | एनएचएआई | नागपुर - हैदराबाद (एनएस) | एनएच -44 (एनएस) के 6 एल किमी 22.300 से किमी 34.100 | 12 | सौंपा गया | 0 |
| 30 | एनएचएआई | नागपुर - हैदराबाद (एनएस) | किमी 6 से 454.000 (एनएस) तक 471.000 एल | 17 | सौंपा गया | 4 |
| 31 | एनएचएआई | नागपुर - हैदराबाद (एनएस) | किमी 471.000 से 481.000 (एनएस) तक 6 एल | 10 | सौंपा गया | 5 |
| 32 | एनएचएआई | हैदराबाद - पणजी | मरिकाल-देवसुगुर | 48 | अभी मूल्यांकन किया जाना है | - |
| 33 | एनएचएआई | हैदराबाद - पणजी | जडचेरला- मारिकल | 59 | अभी मूल्यांकन किया जाना है | - |
| 34 | एमओआरटीएच | हैदराबाद-औरंगाबाद | यह तेलंगाना राज्य के मडनूर, सोनाला, थाडी हिप्परगा, लिम्बूर, सिरपुर, पोथांगल, कोटागिरी, रुद्रूर, बोधन, बसर में समाप्त होता है। | 56 | सौंपा गया | 22 |
| 35 | एमओआरटीएच | | बीपीपी-I से हटाई गई परियोजनाओं के कारण बफर लंबाई | 109.8 | अभी मूल्यांकन किया जाना है | - |
| **कुल** | | | | **1,719** | | **492** |

******